पंजीयन सं० 1176/2003-2004
NYKS-YC-222/88-89

Telefax : 06274-225385
Mob. No. : 9430242926
7004902840

# जवाहर ज्योति बाल विकास केन्द्र

JJBVK

बिहार सरकार के सोसाईटीज पंजीकरण अधिनियम 21, 1860, भारत सरकार के आयकर अधिनियम 12AA, 80G एवं FCRA के अंतर्गत पंजीकृत स्वयंसेवी संगठन, नेहरू युवा केन्द्र, समस्तीपुर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार से सम्बद्ध युवा क्लब

पंजीकृत कार्यालय : ग्राम+पो०-अख्तियारपुर, जिला-समस्तीपुर-848127, बिहार, भारत
E-mail : jjbvk.crpc@gmail.com | Website : https//www.jjbvk.org | PAN No. : AAAAJ2938D

पत्रांक : JJBVK/ 86/2026-27

दिनांक : 08/8/26

**सेवा में,**

माननीय प्राचार्य महोदय,
समस्तीपुर कॉलेज, समस्तीपुर ........................................, कॉलेज, समस्तीपुर, बिहार

**विषय**: अजीम प्रेमजी छात्रवृति 2026–30 बैच (**स्नातक छात्राओं**) हेतु नवीन ऑनलाइन आवेदन कराने एवं आवेदनों की प्रति ससमय संस्था को उपलब्ध कराने के संबंध में

महोदय,

सविनय निवेदन है कि **जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र** (JJBVK), समस्तीपुर हमारी संस्था अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ मिलकर समस्तीपुर जिले में बच्चों के शिक्षा, सुरक्षा एवं छात्रवृति के क्षेत्र में कार्यरत है।
आपको सादर सूचित करना है कि अजीम प्रेमजी छात्रवृति हेतु नवीन **ऑनलाइन आवेदन** 10 **अगस्त**, 2026 **से** 31 **अगस्त**, 2026 **तक** आमंत्रित किए गए हैं। इस छात्रवृति का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर एवं मेधावी छात्राओं को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। **जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र** (JJBVK) के कार्यकर्ता छात्राओं को ऑनलाइन आवेदन करने में तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करेगा, ताकि किसी भी पात्र छात्रा को आवेदन करने में कठिनाई न हो। साथ ही संस्था आपके द्वारा बताए गए समय पर कॉलेज में आकर भी छात्राओं को आवेदन करने हेतु शिविर का आयोजन कर आवश्यक सहयोग करेगी।

अतः आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया महाविद्यालय में अध्यनरत **स्नातक पाठ्यक्रम की** 2026–30 **बैच की समस्त पात्र छात्राएँ** (जो प्रथम सेमेस्टर में नामांकन ली हैं) को इस छात्रवृति की जानकारी देकर उनके ऑनलाइन आवेदन करवाने में सहयोग प्रदान करें। साथ ही, चूँकि हमारी संस्था अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के साथ समन्वय कर इस कार्य में सहयोग कर रही है, इसलिए आपसे अनुरोध है कि महाविद्यालय से जिन भी छात्राएँ का ऑनलाइन आवेदन किया जाए, उन सभी के आवेदन फॉर्म की एक प्रति जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र, समस्तीपुर के कार्यालय में भी उपलब्ध कराई जाए। इससे चयनित छात्राएँ को आगे की प्रक्रिया, दस्तावेज सत्यापन एवं अन्य आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने में सुविधा होगी।
हमें पूर्ण विश्वास है कि आप बालिका शिक्षा को प्रोत्साहित करने के इस महत्वपूर्ण कार्य में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान करेंगे।

सधन्यवाद।

**भवदीय,**

(Stamp: Jawahar Jyoti Bal Vikas Kendra, Reg. No:-1176/ 2003-04, Akhtiyarpur (Samastipur))

**सुरेन्द्र कुमार**
**सचिव**
जवाहर ज्योति बाल विकास केंद्र , समस्तीपुर, बिहार
**मोबाइल नं.**: 9430242926, 7209370281